शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

सिवनी

संपादक : संजय बघेल




शनिवार 14 फरवरी 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 10 ● अंक : 289 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan

## न्यूज ब्रीफ

### सरकार ने 25 लाख टन गेहूं और चीनी एक्सपोर्ट करने की मंजूरी दी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को 25 लाख टन गेहूं के निर्यात के साथ-साथ 5 लाख टन गेहूं उत्पादों और चीनी के निर्यात की अनुमति दी। यह कदम पर्याप्त स्टॉक की स्थिति को देखते हुए उठाया गया है। यह फैसला घरेलू बाजारों को स्थिर करने और किसानों को पर्याप्त लाभ दिलाने के लिए लिया गया है। खाद्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि वर्तमान उपलब्धता और कीमतों के आकलन के बाद यह निर्णय लिया गया है। अभी निजी संस्थाओं के पास 2025-26 के दौरान गेहूं का स्टॉक लगभग 75 लाख टन है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में लगभग 32 लाख टन अधिक है, जो देश में पर्याप्त आपूर्ति स्थिति का संकेत देता है।

### बंगाल में तीस्ता नदी में कार गिरी, सिक्किम के दो युवकों की मौत

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कालिम्पोंग जिले में एनएच-10 पर एक कार तीस्ता नदी में गिर गई। हादसे में सिक्किम के दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस के मुताबिक, दुर्घटना शुक्रवार सुबह 4 से 5 बजे के बीच बंगाल की ओर 29वें माइल के पास हुई। कार का ड्राइवर कंट्रोल खो बैठा था, जिसके बाद कार सड़क के किनारे नीचे नदी में जा गिरी। यह सिक्किम नंबर की निजी गाड़ी थी, जो पश्चिम बंगाल के डुआर्स से सिक्किम जा रही थी। हादसे में मारे गए युवकों की पहचान गंगटोक निवासी अनीकेत प्रसाद (25) और अमन गुप्ता (23) के रूप में हुई है।

### बंगाल के मुर्शिदाबाद में हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार

**मुर्शिदाबाद।** पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में एसटीएफ की टीम ने रात में छापेमारी कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 7.65 मिमी की दो आग्नेयास्त्र, चार मैगजीन और छह जिंदा कारतूस बरामद हुए हैं। गिरफ्तार आरोपियों को कोर्ट ने सात दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। बंगाल पुलिस स्क्वॉड के मुताबिक, टीम ने मुर्शिदाबाद में नाइट रेड की कार्रवाई की। इस दौरान मोहम्मद शमसाद अली उर्फ कालू और राजेश शेख को गिरफ्तार किया गया।

**राष्ट्रबाण**

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

# बांग्लादेश में 20 साल बाद बीएनपी की जीत, तारिक रहमान का पीएम बनना तय

### ममता बनर्जी ने भाई कहकर बधाई दी

**ढाका | एजेंसी**
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

**बांग्लादेश** में गुरुवार को हुए आम चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने बड़ी जीत दर्ज की है। प्रथोम ओलो के मुताबिक बीएनपी+गठबंधन ने 299 सीटों में से 212 सीटें हासिल कर बहुमत के लिए जरूरी 150 के आंकड़े को पार कर लिया। अब तक 297 सीटों के नतीजे घोषित हो चुके हैं। जमात-ए-इस्लामी के नेतृत्व वाले 11 दलों के गठबंधन को अब तक 77 सीटें मिली हैं। देश में करीब 20 साल बाद बीएनपी की सरकार बनेगी। 2008 से 2024 तक वहां शेख हसीना की आवामी लीग सत्ता में थी। इस जीत के साथ बीएनपी अध्यक्ष तारिक रहमान का प्रधानमंत्री बनना तय माना जा रहा है।

तारिक ने दो सीटों से चुनाव लड़ा था और दोनों पर जीत हासिल की है। तारिक रहमान की जीत पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा, 'मेरे भाई तारिक, उनकी टीम और बाकी सभी को बधाई। बांग्लादेश में 35 साल बाद कोई पुरुष प्रधानमंत्री बनेगा। 1988 में काजी जफर अहमद प्रधानमंत्री बने थे। इसके बाद 1991 से 2024 तक देश की राजनीति में पूर्व पीएम शेख हसीना और खालिदा जिया का दबदबा रहा। ये दोनों ही प्रधानमंत्री बनती रहीं।

**हिंदू-अवामी लीग के वोट बीएनपी को मिले, जमात को हराया**

बांग्लादेश चुनाव में कट्टरपंथी पार्टी जमात-ए-इस्लामी बुरी तरह हारी है। उसके गठबंधन को सिर्फ 70 सीटें मिलीं हैं। शेख हसीना की सरकार गिराने वाले स्टूडेंट्स की पार्टी नेशनल सिटीजन पार्टी यानी एनसीपी को भी बांग्लादेशियों ने नकार दिया।



### एक्सपर्ट्स बीएनपी की एकतरफा जीत की तीन वजह बताते हैं...

- पूर्व पीएम शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग के वोट खासकर हिंदू वोटर बीएनपी में शिफ्ट हो गए। बीएनपी को अवामी लीग के गढ़ रहे गोपालगंज के अलावा खुलना, सिलहट, चटगांव, ठाकुरगंज में जीत मिली है।
- जमात का अतीत आड़े आ गया, लोगों को याद रहा कि उसने बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम का विरोध किया था। जमात इस दाग को नहीं धो पाई।
- स्टूडेंट्स की नेशनल सिटीजन पार्टी को आपसी फूट और जमात से गठबंधन करना भारी पड़ा। उन्हें लोगों ने पूरी तरह खारिज कर दिया।

### बांग्लादेश में वोटिंग के दौरान झड़पें हुई

बांग्लादेश में वोटिंग के दौरान कई जगहों पर झड़पें भी हुई। खुलना में एक वोटिंग सेंटर के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं के साथ झड़प में एक बीएनपी नेता मोहिबुज्जमान कोच्चि की मौत हो गई। दूसरी तरफ मुंशीगंज-3 और गोपालगंज सदर इलाके में वोटिंग सेंटर के बाहर देसी बम फेंके गए। गोपालगंज सदर इलाके में धमाके से 3 लोग घायल हो गए थे। बांग्लादेश चुनाव को लेकर भारत ने नतीजों का इंतजार करने के लिए कहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि नतीजे आने के बाद ही यह देखा जाएगा कि जनादेश किस तरह का है।

#### बीएनपी ने शेख हसीना को वापस लाने और मुकदमा चलाने की मांग की

चुनाव में जीत के बाद बीएनपी ने शेख हसीना को भारत से वापस बांग्लादेश लाकर मुकदमा चलाने की मांग पर फिर से जोर दिया है। बीएनपी के सीनियर नेता सलाहुद्दीन अहमद ने शुक्रवार को कहा, 'हम हमेशा कानून के अनुसार उनकी वापसी की मांग करते रहे हैं। यह दोनों देशों के विदेश मंत्रालयों के बीच का मामला है। हमने भारत सरकार से भी अनुरोध किया है कि उन्हें वापस भेजें ताकि बांग्लादेश में मुकदमा चल सके।'

### चीन ने बांग्लादेश में हुए चुनाव की तारीफ की

चीन ने बांग्लादेश में हुए सफल और शांतिपूर्ण आम चुनाव की तारीफ की है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने शुक्रवार को कहा कि चुनाव ठीक तरह से हुए और बीएनपी को बहुमत मिला है। उन्होंने कहा कि चीन, बांग्लादेश के घरेलू राजनीतिक फैसलों का समर्थन करता है और ढाका के साथ मिलकर चीन-बांग्लादेश रणनीतिक सहयोग साझेदारी को और मजबूत करने के लिए तैयार है। इससे पहले मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने चीन के साथ रिश्ते मजबूत करने और ज्यादा निवेश लाने की कोशिश की थी। अब बीएनपी की सरकार से भी उम्मीद है कि वह चीन के साथ अच्छे संबंध बनाए रखेगी, क्योंकि चीन बांग्लादेश का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है।

### पीएम मोदी ने तारिक रहमान को फोन कर जीत की बधाई दी



पीएम मोदी ने बीएनपी लीडर तारिक रहमान से फोन पर बातचीत की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने लिखा- तारिक रहमान से बात करके बहुत खुशी हुई। मैंने उन्हें बांग्लादेश चुनावों में उनकी शानदार जीत पर बधाई दी। मैंने बांग्लादेश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के उनके प्रयासों में अपनी शुभकामनाएं और समर्थन व्यक्त किया। पीएम मोदी ने पड़ोसी देश होने के नाते दोनों देशों के बीच शांति, प्रगति और समृद्धि की प्रतिबद्धता जताई।

जुलाई चार्टर पर जनमत संग्रह में 68.06% वोट हां के पक्ष में जुलाई में पारित राष्ट्रीय चार्टर पर हुए जनमत संग्रह में भारी बहुमत से 68.06% वोट हां के पक्ष में गए हैं। देश के इतिहास में चौथे जनमत संग्रह में 60.26% मतदान हुआ। कुल 48,074,429 वोट हां के पक्ष में पड़े, जबकि 22,565,627 वोट नहीं के पक्ष में पड़े।

गुरुवार को 13वें संसदीय चुनाव के साथ आयोजित जनमत संग्रह में कुल 70,640,056 लोगों ने मतदान किया। यह परिणाम जुलाई के राष्ट्रीय चार्टर में शामिल संवैधानिक सुधार के 48 बिंदुओं को लागू करने के लिए जनता की सहमति को दर्शाता है।

# मोदी ने नए ऑफिस सेवा तीर्थ का उद्घाटन किया

### डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया; बिल्डिंग पर लिखा है- नागरिक देवो भव




**नईदिल्ली | एजेंसी**
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने सेवा तीर्थ से एक सार्वजनिक कार्यक्रम के दौरान कर्तव्य भवन 1 और 2 का उद्घाटन किया। साथ ही डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया। इससे पहले पीएम ने शुक्रवार को 'सेवा तीर्थ' कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया था।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने आजादी के बाद साउथ ब्लॉक और नॉर्थ ब्लॉक में अनेक अहम नीर्णय बने, नीतियां बनीं लेकिन ये इमारते ब्रिटिश शासन के प्रतीक के तौर पर बनाई गई थीं।

इसमें अब प्रधानमंत्री कार्यालय, नेशनल सिक्योरिटी काउंसिल सचिवालय और कैबिनेट सचिवालय काम करेंगे। पीएम आज से रायसीना हिल स्थित साउथ ब्लॉक से सेवा तीर्थ में शिफ्ट हो जाएगा।

उद्घाटन के दौरान प्रधानमंत्री ने नए कॉम्प्लेक्स में लगी 'सेवा तीर्थ' की पट्टिका का अनावरण किया। परिसर की दीवार पर देवनागरी लिपि में 'सेवा तीर्थ' लिखा है। इसके नीचे 'नागरिक देवो भव' (नागरिक भगवान के समान हैं) का मंत्र भी लिखा गया है। यह ब्रिटिश काल की सेक्रेटेरिएट बिल्डिंग में आखिरी कैबिनेट बैठक होगी। प्रधानमंत्री का ऑफिस 1947 से साउथ ब्लॉक में रहा है। ये इमारत करीब 78 सालों से देश की सत्ता का केंद्र रही है। 2014 से, मोदी सरकार ने ब्रिटिश शासकों के प्रतीकों से दूर जाने के लिए लगातार कदम उठाए हैं।

#### मोदी के स्पीच की बड़ी बातें..

- केंद्र सरकार के सभी मंत्रियों, सभी सांसदों, सरकार के सभी कर्मचारी, अन्य महानुभाव और मेरे साथियों, आज हम सभी एक नए इतिहास को बनते देख रहे हैं। 13 फरवरी का ये दिन भारत की विकासयात्रा में एक नए आरंभ का साक्षी बन रहा है

**पीएम ने नए ऑफिस में कई फाइलों पर साइन किए**

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए पीएमओ कॉम्प्लेक्स 'सेवा तीर्थ' में महिलाओं, युवाओं और कमजोर वर्गों से जुड़े अहम फैसलों की फाइलों पर साइन किए। सरकार के अनुसार, इन फैसलों का उद्देश्य इन वर्गों को सीधा लाभ पहुंचाना है।
- प्रधानमंत्री ने पीएम राहत योजना से जुड़ी फाइलों पर भी साइन किए। इस पहल के तहत, एक्सीडेंड पीड़ितों को 1.5 लाख तक का कैशलेस ट्रीटमेंट मिलेगा, जिससे उनके इलाज में देरी न हो। साथ ही लखपति दीदी योजना का लक्ष्य दोगुना कर 3 करोड़ से छह करोड़ करने का निर्णय लिया गया।

# तमिलनाडु- एक्टर विजय की रैली में समर्थक की मौत

### अन्नाद्रमुक ने कहा- टीवीके की रैलियों में शामिल होना है तो ताबूत लेकर जाएं

**चेन्नई | एजेंसी**
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

**तमिलनाडु** के सलेम में तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) चीफ विजय की रैली में शुक्रवार को 37 साल के एक समर्थक की हीटस्ट्रोक के कारण मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र का रहने वाला सूरज टीवीके चीफ विजय से मिलने गया था। वह रैली के दौरान सीने में दर्द की शिकायत के बाद गिर पड़ा।

अस्पताल ले जाते समय रास्ते में सूरज की मौत हो गई। वह कई सालों से सलेम में रह रहा था। पुलिस ने बताया कि सूरज की कुछ समय पहले एंजियोप्लास्टी हुई थी। पुलिस केस दर्ज कर जांच कर रही है।



इस घटना पर विपक्षी पार्टी अन्नद्रमुक ने तंज कसा। एआईएडीएमके प्रवक्ता कोवई सत्यन ने कहा- ऐसा लगता है कि विजय की रैली में शामिल होना है तो लोगों को ताबूत साथ ले जाना चाहिए। कोवई सत्यन ने घाना के मशहूर डांसिंग पेलबियरर्स का वीडियो शेयर किया, जो ताबूत उठाकर खास अंदाज में नाचने के लिए दुनियाभर में जाने जाते हैं।

#### सीएम ने 1.31 करोड़ महिलाओं के अकाउंट में 5-5 हजार ट्रांसफर किए

वहीं, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शुक्रवार को बताया कि उनकी सरकार ने कलैगनार महिला अधिकार योजना के तहत राज्य की 1.31 करोड़ महिलाओं के बैंक खातों में 5,000 जमा किए हैं। स्टालिन ने कहा- इसमें से 3,000 फरवरी, मार्च और अप्रैल महीने की किस्तों के लिए पहले ही दे दिए गए हैं। इसके अलावा 2,000 समर स्पेशल पैकेज के रूप में दिए गए हैं। यानी कुल मिलाकर हर लाभार्थी महिला को 5,000 मिले हैं। सीएम ने वादा किया कि अगर उनकी पार्टी द्रविड़ मुनेत्र कषगम फिर से सत्ता में आती है।

# लखनऊ में 6 लोगों को रौंदने वाला छात्र गिरफ्तार

**लखनऊ।** लखनऊ में कार से 6 लोगों को रौंदने वाला 12वीं का स्टूडेंट गौरव सिंह गिरफ्तार हो गया है। इस हिट एंड रन घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें आरोपी गौरव तेज रफ्तार में कार चलाता हुआ दिख रहा है। बताया जा रहा है कि कार में उसकी गर्लफ्रेंड भी थी। दोनों किसी फेयरवेल पार्टी से लौट रहे थे।

कार से कुचलकर नानी के साथ मार्केट गए 6 साल के बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 5 लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। जान गंवाने वाला बच्चा दीक्षांत उन्नाव का रहने वाला है। वह ननिहाल में मां साधना के साथ रहता था। केंद्रीय विद्यालय में पढ़ता था।

# क्लासमेट के कमरे में निर्वस्त्र मिला एमबीए छात्रा का शव: इंदौर में 3 दिन से लापता थी

### कॉलेज के ग्रुप में आया था आपत्तिजनक वीडियो

**इंदौर | एजेंसी**
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

**इंदौर** में 25 वर्षीय एमबीए छात्रा का शव निर्वस्त्र हालत में उसके क्लासमेट के कमरे में मिला है। कमरे के बाहर ताला लगा हुआ था। छात्रा तीन दिन से लापता थी।

10 फरवरी की रात कॉलेज के आधिकारिक वॉट्सएप ग्रुप पर छात्रा के मोबाइल फोन से एक आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट हुआ था। इसमें युवक का चेहरा इमोजी से छिपा था, जबकि छात्रा का चेहरा साफ दिख रहा है। परिजन का आरोप है कि आरोपी ने छात्रा के मोबाइल का इस्तेमाल कर उसके स्टेटस पर भी आपत्तिजनक वीडियो लगाए और उसके संपर्क में रहने वालों को भी भेजे।



द्वारकापुरी पुलिस के मुताबिक, घटना अंकल गली की है। सूचना मिलते स्क्वॉडटीम मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। जिस कमरे से शव मिला है, वह मंदसौर निवासी पीयूष धामनोदिया का है। जो उसने किराए से ले रखा है। दोनों सांवेर रोड स्थित एक संस्थान से एमबीए में सेकेंड सेमेस्टर की पढ़ाई कर रहे थे। घटना के बाद से ही पीयूष लापता है।

क्लासमेट के साथ बर्थडे पार्टी में जाने की बात कही थी पुलिस के अनुसार, युवती 10 फरवरी से लापता थी। उस दिन वह आधार कार्ड ठीक कराने की बात कहकर पिता के साथ घर से निकली थी। पिता ने उसे कलेक्टोरेट के पास छोड़ा था। वहां से उसने अपनी छोटी बहन को फोन कर बताया कि वह अपने क्लासमेट पीयूष के साथ बर्थडे पार्टी में जा रही है। रात 11 बजे तक लौट आएगी।

# किसान संगठनों के नेताओं से मिले राहुल

### बोले- किसान हितों से समझौता नहीं, भारत-अमेरिका ट्रेड डील के खिलाफ आंदोलन पर बातचीत हुई

**नईदिल्ली | एजेंसी**
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में देशभर के किसान संगठनों के नेताओं से मुलाकात की। इस बैठक में भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने और किसानों व खेत मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने की जरूरत पर बात हुई।



किसान नेताओं ने इस व्यापार समझौते का विरोध किया। उनका कहना था कि समझौते से मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा। कांग्रेस के अनुसार, राहुल गांधी ने कहा कि इस समझौते से कृषि उत्पादों के आयात का रास्ता खुल गया है।

**बातचीत में ये संगठन मौजूद रहे:** राहुल गांधी से मिलने वालों में अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के प्रमुख सुखपाल एस खैरा, हरियाणा के भारतीय किसान मजदूर यूनियन के अशोक बलहारा, बीकेयू क्रांतिकारी के बलदेव एस जीरा, प्रोग्रेसिव फार्मर्स फ्रंट के आर. नंदकुमार, बीकेयू शहीद भगत सिंह के अमरजीत एस मोह्ली, किसान मजदूर मोर्चा-इंडिया के गुरमनीत एस मंगत और जम्मू-कश्मीर जमीदारा फोरम के हमीद मलिक सहित कई अन्य नेता शामिल थे।

### संसद की कार्यवाही 9 मार्च तक स्थगित; बीजेपी बोली- राहुल सत्ता पाने को देश का बंटवारा चाहते थे

# लोकसभा में 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' के नारे लगे

**नईदिल्ली | एजेंसी**
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

**बजट** सत्र के 13वें दिन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन नहीं चल पाई। लोकसभा की कार्यवाही करीब 10 मिनट ही चल पाई। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही दो घंटे तक चल पाई। अब दोनों सदनों की कार्यवाही 9 मार्च से शुरू होगी।

शुक्रवार को सुबह 11 बजे सदन शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने 'हरदीप पुरी इस्तीफा दो' के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके 5 मिनट बाद ही सदन स्थगित कर दी गई।



#### शिवराज सिंह ने दिग्विजय सिंह को कहा- धन्यवाद

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के सीहोर, रायसेन और नर्मदापुरम में मूंग की फसल के सवाल के जवाब में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- मैं मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्हें मेरे संसदीय क्षेत्र की इतनी चिंता है। सीहोर, रायसेन और हरदा में मूंग की भरपूर पैदावार हो रही है। इसलिए उसके लिए अलग से क्लस्टर की जरूरत नहीं है। मूंग की फसल की वृद्धि के प्रयास हमारी सरकार ने ही किए थे और आज भी हम कर रहे हैं।

12 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। इस बार हंगामे के बीच एजुकेशन और कानून मंत्रालय से जुड़े कुछ बिल पेश किए। इसके बाद चेयर पर मौजूद संध्या राय ने लोकसभा 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी।

संसद का बजट सत्र दो चरण में हो रहा है। पहला- 28 जनवरी से 13 फरवरी तक है। दूसरा चरण 23 दिन के ब्रेक के बाद 9 मार्च से शुरू होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा।

इधर बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने शुक्रवार को राहुल गांधी पर आरोप लगाए कि वे सत्ता पाने के लिए देश के बंटवारे की प्लानिंग कर रहे थे। दुबे ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा सोरोस, फोर्ड फाउंडेशन और टुकड़े-टुकड़े गैंग के सरगना राहुल गांधी जी के खिलाफ मेरे आरोप ये हैं, जिनके लिए मैंने लोकसभा स्पीकर से बहस करने की इजाज़त मांगी है। क्या लोकसभा में विपक्ष के नेता सत्ता पाने के लिए भारत के बंटवारे की प्लानिंग कर रहे हैं?

**सांसदों का प्रदर्शन, पीएम मोदी-नीतीश कुमार के इस्तीफे की मांग:** राष्ट्रीय जनता दल के सांसदों ने संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस्तीफे की मांग की और केंद्र से आरक्षण नीति में राजनीतिक अल्पसंख्यकों और ओबीसी के लिए कोटा बढ़ाने का आग्रह किया।

राष्ट्रबाण
सिवनी, शनिवार 14 फरवरी 2026

# शहडोल राष्ट्रबाण

• ब्यौहारी • जयसिंघनगर • सोहागपुर • गोहपारु • बुढ़ार • जैतपुर



# जयस्तंभ चौक में कांग्रेस की जनआक्रोश रैली

## प्रदेश अध्यक्ष ने सरकार पर लगाए भ्रष्टाचार, जल संकट और किसान विरोधी नीतियों के आरोप

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in

शहर के जयस्तंभ चौक में शुक्रवार को कांग्रेस की जनआक्रोश रैली आयोजित की गई। रैली को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य सरकार और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने भ्रष्टाचार, दूषित पेयजल, किसानों की बदहाली, आदिवासियों की जमीन और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया।

### काला सोना से बन रहे नेताओं के घर

प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि जिले में अवैध कारोबार और तथाकथित काला सोना से भाजपा नेताओं के घर बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसपी और कलेक्टर को इसकी जवाबदेही लेनी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में बिना रिश्वत कोई काम नहीं होता और आम जनता त्रस्त है।

### दूषित पानी और इंदौर कांड का जिक्र

रैली में दूषित पेयजल का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि नल-जल योजना के बावजूद लोगों को साफ पानी नहीं मिल रहा, जबकि नेताओं के घरों तक पानी की आपूर्ति सुनिश्चित है। उन्होंने आरोप लगाया कि 70 प्रतिशत पानी दूषित है। उन्होंने हाल ही में इंदौर कांड का जिक्र करते हुए कहा कि 35 लोगों की मौत दूषित पानी से हुई और सरकार जवाबदेही से बच रही है।

**कलेक्टर पर साधा निशाना, कार्यालय में धरने की दी चेतावनी**

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कलेक्टर भोपाल में बैठकों में व्यस्त रहते हैं जबकि जिले की जनता परेशान है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो कांग्रेस कार्यकर्ता कलेक्टर कार्यालय के भीतर जाकर धरना देंगे।





### छिंदवाड़ा सिरप कांड और स्वास्थ्य मंत्री से जवाब

उन्होंने छिंदवाड़ा सिरप कांड का उल्लेख करते हुए स्वास्थ्य मंत्री से जवाबदेही तय करने की मांग की। साथ ही मुख्यमंत्री पर भी जमकर हमला बोलते हुए कहा कि कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

### हत्या के बदले 4 लाख लेकर भूल जाओ का आरोप

प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश में अपराधों को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि टीआई स्तर के अधिकारी पीड़ितों से समझौते की बात करते हैं। साथ ही यह भी कहा कि पुलिस भाजपा कार्यकर्ताओं से सवाल करने की हिम्मत नहीं जुटा पाती।

### आदिवासियों की जमीन लौटाने का वादा

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आदिवासी समुदाय से वादा किया कि सत्ता में आने पर उनकी जमीनें वापस दिलाई जाएंगी। उन्होंने संगठन को मजबूत करने और नए सिरे से मेहनत करने का आह्वान किया।

### किसानों और व्यापार समझौते पर केंद्र सरकार घिरी

केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय ट्रेड डील के बाद सोयाबीन और कपास के दाम गिर गए हैं, जिससे किसान परेशान हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री के उस बयान का हवाला दिया जिसमें देश को न बेचने की बात कही गई थी और आरोप लगाया कि विदेश नीति में देश झुक गया है।

### 2027 निकाय चुनाव की तैयारी

रैली के अंत में प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से 2027 के निकाय चुनाव की तैयारी में जुटने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इच्छाशक्ति और संगठित प्रयासों से कांग्रेस जीत हासिल करेगी।

# गोहपारू में आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण

## जनपद पंचायत सीईओ ने संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत दिया निर्देश



राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहपारू सुधीर दिनकर ने संपूर्णता अभियान 2.0 के तहत आंगनवाड़ी केंद्र करीं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र में उपस्थित सभी बच्चों को उनके मेन्यू के अनुसार नाश्ता वितरित किया गया। केंद्र की साफ-सफाई और व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। श्री दिनकर ने गर्भवती माताओं के पंजीयन, कुपोषित बच्चों की जानकारी, एनआरसी में भर्ती, टेक होम राशन वितरण, टीकाकरण कार्यक्रम और अन्य विभागीय मानकों की समीक्षा की। सीईओ ने आंगनवाड़ी कर्मियों को सभी घटकों में शत-प्रतिशत उपलब्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संपूर्णता अभियान के तहत प्रत्येक बच्चे और माताओं तक सेवाओं का सही समय पर पहुंचना सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान देने के साथ कर्मचारियों की कार्यप्रणाली की सराहना भी की। श्री दिनकर ने कहा कि नियमित निरीक्षण और सुधारात्मक कदम से कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित की जा सकती है। केंद्र के निरीक्षण के बाद सीईओ ने आश्वस्त किया कि संपूर्णता अभियान के तहत गोहपारू जनपद में सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में गुणवत्ता और सेवाओं में निरंतर सुधार होगा।

# जिला सैनिक कल्याण कार्यालय का नया पता घोषित

**शहडोल।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने बताया कि जिला सैनिक कल्याण कार्यालय का स्थान अब ए-5 अमरावती ग्रीन सिटी वार्ड क्रमांक 21 शहडोल में स्थानांतरित कर दिया गया है।पूर्व में यह कार्यालय वार्ड क्र. 28, शौखी मोहल्ला में संचालित हो रहा था। अधिकारी ने सभी संबंधित विभागों, संगठनों और नागरिकों से अनुरोध किया है कि अब कार्यालय से संबंधित सभी पत्र व्यवहार और संपर्क नवीन पते पर ही किया जाए। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय का यह कदम सैनिक कल्याण सेवाओं को और अधिक सुगम और सुलभ बनाने के उद्देश्य से किया गया है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि कार्यालय में पूर्ववत सैनिकों और उनके परिवारों के लिए सभी सुविधाएँ उपलब्ध रहेंगी।

# कक्षा 12वीं की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न

## 7204 परीक्षार्थियों ने दी भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र और एनीमल हसबैन्डरी की परीक्षा



राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in

माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा शुक्रवार को कक्षा 12वीं के भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र और एनीमल हसबैन्डरी विषयों की परीक्षाएं जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न हुईं। परीक्षा के लिए पंजीकृत 7290 विद्यार्थियों में से 7204 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 86 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कोई नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया।

परीक्षा की सुचारू व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर द्वारा विभिन्न पैनलों का गठन किया गया था। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अमरनाथ सिंह के नेतृत्व में पैनल ने करकी, टिहकी, भारतीयम विद्यालय ब्यौहारी और सरस्वती स्कूल ब्यौहारी का निरीक्षण किया। डीपीसी पैनल ने महिला समिति शहडोल, रघुराज स्कूल क्र.01, भारत माता विद्यालय शहडोल, सरस्वती स्कूल शहडोल, कन्या सोहागपुर और बालक सोहागपुर का औचक निरीक्षण किया।बएसडीएम जयसिंहनगर के पैनल ने सीधी, बनसुकली और अमझोर के परीक्षा केन्द्रों का दौरा किया, जबकि एसडीएम ब्यौहारी के पैनल ने मॉडल स्कूल खड़हुली, बाणसागर और भारतीयम ब्यौहारी का निरीक्षण किया।

# ई-दक्ष केन्द्र में अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया गया सेवोत्तम प्रशिक्षण



राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के मार्गदर्शन में ई-दक्ष केंद्र में सेवोत्तम मॉडल पर आधारित प्रशिक्षण अधिकारियो एवं कर्मचारियो को दिया गया। ई-दक्ष के वरिष्ठ प्रशिक्षक हरिकृष्ण सोनी ने बताया कि यह प्रशिक्षण सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों की डिजिटल क्षमताओं को मजबूत करने के लिए दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियो एवं कर्मचारियो को डिजिटल उपकरणो, ऑनलाइन पोर्टलो और ई-गर्वेनेंस से जुड़े अनुप्रयोगो का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया गया। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण से न केवल कामकाज में सुधार होगा बल्कि आम जनता को बेहतर सरकारी सेवाएं प्राप्त होगी।

# खजिन, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त कार्यवाही में अवैध कोयला जब्त

## ग्राम केशवाही में तीन ट्रॉली कोयला और लावारिस वाटर पंप पकड़ा



राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के निर्देश पर खनिज, पुलिस और राजस्व विभाग ने ग्राम केशवाही स्थित मरखी माता मदिर के पीछे अवैध कोयला उत्खनन के मामले में संयुक्त कार्रवाई की। शिकायत के आधार पर मौके पर पहुंचकर जांच की गई और अवैध खनन को रोकने के लिए सख्त कदम उठाए गए।

जिला खनिज अधिकारी राहुल शान्डिल्य ने बताया कि मौके पर अवैध खनन के गड्ढों को जेसीबी मशीन की मदद से भरा गया। क्षेत्र में बने चार खदान नुमा गड्ढों को मिट्टी और पत्थरों से ढककर सुरक्षित किया गया। जांच के दौरान स्थल के पास अवैध कोयले का भंडारण पाया गया और एक वाटर पंप लावारिस अवस्था में मिला। मौके से तीन ट्रॉली में कुल 12 टन कोयला जब्त किया गया और ट्रैक्टर के माध्यम से थाना चौकी केशवाही में पुलिस अभिरक्षा में सुरक्षित रखवाया गया। कार्यवाही में नायब तहसीलदार मनोज शुक्ला, चौकी प्रभारी गंगा मार्को और खनिज निरीक्षक अभिषेक पटले की सक्रिय भूमिका रही।

## विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में उत्कृष्ट प्रदर्शन से बढ़ाया जिले और प्रदेश का मान

# पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के छात्र ने किया मध्यप्रदेश का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in



पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग के मेधावी छात्र प्रियांशु अग्रवाल ने देश के प्रतिष्ठित संवाद कार्यक्रम विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026 में भाग लेकर न केवल विश्वविद्यालय, बल्कि पूरे शहडोल संभाग और मध्यप्रदेश का नाम गौरवान्वित किया। स्वामी विवेकानंद वार्ड क्रमांक 5 पुराना पोस्ट ऑफिस रोड अनूपपुर निवासी प्रियांशु वर्तमान में एमए प्रथम सेमेस्टर में अध्ययनरत हैं। वे विश्वविद्यालय और संभाग से इस राष्ट्रीय कार्यक्रम के लिए चयनित एकमात्र प्रतिभागी रहे। कार्यक्रम का अंतिम चरण 9 से 12 जनवरी तक नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री के उद्बोधन में भी प्रियांशु उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. राम शंकर दुबे, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद पांडे और विभागाध्यक्ष डॉ. चेतना सिंह सहित सभी प्राध्यापकों ने प्रियांशु को उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### टीम लीडर के रूप में किया मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व

कार्यक्रम में प्रथम चरण में राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी आयोजित हुई, जिसमें पचास लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया। इसके आधार पर दो लाख छप्पन हजार प्रतिभागियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। दूसरे चरण में राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में पचास प्रतिभागियों का चयन तीसरे चरण के लिए हुआ। तीसरे चरण में भोपाल में पीपीटी प्रस्तुतीकरण और साक्षात्कार आयोजित किए गए। प्रियांशु ने राज्य स्तरीय पीपीटी और साक्षात्कार दोनों में प्रथम स्थान प्राप्त कर मध्यप्रदेश का टीम लीडर के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व किया।

### किसानों की समस्याओं और सतत कृषि पर प्रभावशाली प्रस्तुति

प्रियांशु ने अपनी थीम स्मार्ट एवं सतत कृषि के द्वारा उत्पादकता बढ़ाना के अंतर्गत किसानों की जमीनी समस्याओं जैसे मृदा अपरदन, जलवायु परिवर्तन, फसल क्षति, जल संकट और कीटनाशक उपयोग को स्पष्ट किया। उन्होंने प्राकृतिक और जैविक खेती के संतुलन, पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक के समन्वय से सतत कृषि प्रणाली विकसित करने पर बल दिया। इस उपलब्धि ने न केवल विश्वविद्यालय और संभाग को गौरवान्वित किया है बल्कि प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणा का संदेश भी दिया है।

# पुलिस ने अवैध रेत भंडारण पर की कार्रवाई

राष्ट्रबाण शहडोल | संवाददाता rashtrabaan.in

जिले की ब्यौहारी पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम जमौड़ी मोहदरा मोहल्ला में समिधन नदी से रेत अवैध रूप से लोड कर भंडारण किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुँची और जांच की। जांच के दौरान झाड़ियों के बीच रेत का भंडारण पाया गया। मौके पर हल्का पटवारी जमौड़ी को तलब किया गया और रेत की भूमि स्वामित्व और मात्रा संबंधी जानकारी ली गई। पटवारी ने बताया कि उक्त भूखंड का मालिक बृजेन्द्र सिंह निवासी ग्राम जमौड़ी है। मौके पर लगभग 18 घन मीटर करीब 6 ट्रॉली रेत भंडारित मिली। इसके बाद पुलिस ने बृजेन्द्र सिंह को मौके पर तलब किया, जिनके पास रेत भंडारण के कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। जांच में पाया गया कि आरोपी ने अपनी भूमि पर चोरी की अवैध रेत का भंडारण किया था। अवैध रेत को सुरक्षित रखने और आगे की कार्रवाई हेतु हक़ा पटवारी, तहसीलदार ब्यौहारी और संबंधित राजस्व विभाग को सूचित किया गया। आरोपी बृजेन्द्र सिंह के खिलाफ भारतीय दंड संहिता और खनिज अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत कर विवेचना आरंभ की गई। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जियाउल हक, उप निरीक्षक बालकरण प्रजापति और आरक्षक हीरा सिंह की सराहनीय भूमिका रही।

राष्ट्रबाण
सिवनी, शनिवार 14 फरवरी 2026

बैतूल राष्ट्रबाण

● मुलताई ● बैतूल बाजार ● आमला ● भैंसादंड ● सारणी ● बोरदई ● आठनेर

# 15 जिले और 9 तहसील पदाधिकारियों के साथ अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन का विस्तार

## भ्रष्टाचार और शोषण के खिलाफ शासन के साथ मिलकर काम करेगा संगठन : कैथवार

### कार्यकर्ता सम्मेलन में नए पदाधिकारियों ने सेवा और सुरक्षा का लिया संकल्प

राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in



जिले में अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन ने अपने संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करते हुए 24 नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। इनमें 15 जिला पदाधिकारी और 9 तहसील पदाधिकारी शामिल हैं। इस दौरान तीन तहसील अध्यक्षों की भी घोषणा की गई, जिनमें बैतूल तहसील से महेश बर्डे, घोड़ाडोंगरी तहसील से राजेश वागद्रे और मुलताई तहसील से दीपक बड़घरे को जिम्मेदारी सौंपी गई। उल्लेखनीय है कि मानव अधिकारों की रक्षा के संकल्प को और अधिक मजबूत करते हुए अंतर्राष्टीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन द्वारा एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नव नियुक्त पदाधिकारी और पूर्व से कार्यरत पदाधिकारी एक मंच पर उपस्थित हुए। जिला स्तर पर महिला जिला अध्यक्ष दीपिका बौरासी, जिला उपाध्यक्ष सरिता झरबडे, जिला प्रमुख सचिव विनोद कुमार कैथवार, जिला प्रभारी संजय अग्रवाल, जिला प्रतिनिधि हेमंत रघुवंशी, जिला वरिष्ठ संयोजक ,जय कुमार शिंदे, जिला महासचिव ओंकार सिंह और जिला कोषाध्यक्ष रविंद्र धोटे को प्रमुख जिम्मेदारियां सौंपी गईं। तहसील स्तर पर बैतूल तहसील अध्यक्ष महेश बर्डे, घोड़ाडोंगरी तहसील अध्यक्ष राजेश वागद्रे और मुलताई तहसील अध्यक्ष दीपक बड़घरे को अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। इसके साथ ही अनिल लिल्हौरे, शैलेश कुमार पंड्या, पंकज मालवीय, राकेश डेहरिया और संजय यादव सहित अन्य पदाधिकारियों को तहसील स्तर पर दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी, महिला जिला अध्यक्ष दीपिका बौरासी, जिला उपाध्यक्ष सरिता झरबडे, जिला प्रमुख सचिव विनोद कुमार कैथवार, जिला प्रतिनिधि हेमंत रघुवंशी, कृष्णा साहू, मुकेश सोनी, राकेश सोनी, यमल शर्मा, वीरेंद्र सोनारे, सुनील अग्रवाल, ओंकार सिंह, मनीष साहू, उमेश झरबडे, ओमकार माली, पवन चौरसिया, कैलाश पाटिल, अनिल पाठेकर, निखिलेश गजभिए, विजय मालवीय और देवेंद्र डोंगरे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ता

कार्यक्रम में जिला प्रमुख सचिव विनोद कुमार कैथवार ने कहा कि आज विश्व के अनेक हिस्सों में उथल-पुथल की स्थिति है, असुरक्षा और अस्थिरता का वातावरण है, लेकिन भारत भूमि ऐसी है जहां सभी वर्ग और समुदाय स्वयं को सुरक्षित महसूस करते हैं। यह हमारे लोकतंत्र और सामाजिक मूल्यों की शक्ति है। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में मानव अधिकारों की रक्षा के लिए समर्पित संगठन की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। विनोद कुमार कैथवार ने कहा कि जहां कहीं भी भ्रष्टाचार, शोषण या अन्याय की स्थिति बनती है, वहां संगठन शासन के साथ मिलकर कार्य करेगा और पीड़ितों की आवाज बनेगा। उन्होंने सभी नव नियुक्त और पूर्व पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ता हैं।

### संगठन नहीं परिवार है

जिला अध्यक्ष सतीश बौरासी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार सुरक्षा संगठन एक परिवार है। हम सभी एक परिवार की तरह एक-दूसरे का साथ देते हैं और मानव अधिकारों की रक्षा के लिए मिलकर काम करते हैं। उन्होंने बताया कि संगठन में वर्तमान में 150 से अधिक जिला पदाधिकारी, 200 से अधिक तहसील पदाधिकारी और लगभग 9700 सदस्य सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। कार्यक्रम का समापन मानव अधिकारों की रक्षा, गरीब और असहाय लोगों की सहायता तथा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के सामूहिक संकल्प के साथ हुआ।

# संगीत संध्या में मुंबई के किशोर पाराशर देंगे विशेष प्रस्तुति

## 21 फरवरी को बैतूल में सजेगी आवाज के सितारे की महफिल

राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in



शब्द संस्था बैतूल का बहुप्रतीक्षित कार्यक्रम आवाज के सितारे 21 फरवरी की रात्रि 8 बजे से जयवंती हॉक्सर शासकीय महाविद्यालय बैतूल के मुक्त आकाश मंच पर आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन पूर्व सांसद अधिवक्ता स्व. विजय खंडेलवाल की स्मृति में प्रतिवर्ष किया जाता है। कार्यक्रम संयोजक प्रमोद अग्रवाल ने बताया कि यह कार्यक्रम पूर्णतः निशुल्क है। पुराने गीतों के शौकीन और संगीत रसिक श्रोताओं के लिए यह शब्द संस्था की ओर से विशेष सौगात है। कार्यक्रम में महिलाओं के लिए समुचित व्यवस्था भी की गई है।

### देश के विख्यात कलाकारों की प्रस्तुति

संस्था के वरिष्ठ पदाधिकारी देवेंद्र पाटिल और संदीप कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम में किशोर कुमार, मोहम्मद रफी, लता मंगेशकर, मुकेश, आशा भोंसले और मन्नाडे सहित अन्य प्रसिद्ध पार्श्व गायकों के चुनिंदा और चर्चित गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। मुंबई के प्रसिद्ध कलाकार किशोर पाराशर मंच से किशोर कुमार के सुपरहिट गीतों की प्रस्तुति देंगे। किशोर पाराशर विदेशों में भी अपनी प्रभावी प्रस्तुतियां दे चुके हैं। इनके अतिरिक्त अभिजीत सिंह इंदौर, आर्य पुरोहित भोपाल और परिधि बघेल पुणे अपनी मधुर आवाज से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगी।

### स्थानीय कलाकार भी बिखेरेंगे सुरों का जादू

कार्यक्रम में इन अतिथि कलाकारों के साथ बैतूल के नामचिन कलाकार भी पुराने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देंगे। आयोजन को जिले के संगीत रसिक श्रोताओं को समर्पित किया जा रहा है। शब्द संस्था के संस्थापक एवं उद्घोषक अजय दुबे सहित संस्था के सभी सदस्यों ने जिले के संगीत प्रेमियों से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। आयोजन को दिलकश नगमों की विशेष प्रस्तुति के रूप में तैयार किया गया है।

# पारधी ढाना सोनाघाटी में जन्म प्रमाण पत्र वितरित

## अनुसूचित जनजाति आयोग के निर्देश पर हुई कार्रवाई



राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in

अनुसूचित जनजाति आयोग के निर्देशानुसार पारधी ढाना सोनाघाटी में बुधवार को 40 जन्म प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। यह वितरण कार्यक्रम दुर्गादास व्यास प्रचारक मुख्यालय संभाजी नगर राजस्थान, प्रांत प्रचारक, क्षेत्र प्रचारक, अखिल भारतीय कार्यकारिणी सदस्य एवं घुमंतु कार्य की अखिल भारतीय प्रमुख की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रवीण दोडके अखिल भारतीय प्रशासकीय प्रमुख मुख्यालय दिल्ली तथा आशीष कावळे पारधी विकास परिषद नागपुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ बैतूल तहसीलदार गोवर्धन पाठे मुख्य अधिकारी के रूप में मौजूद रहे। इस दौरान महेश्वर भलावी, गोलू उघड़े एवं आर्चीत पाठक की भी उपस्थिति रही। सभी ने पारधी समाज के लोगों को जन्म प्रमाण पत्र सौंपे।

### पूर्व निरीक्षण के बाद तेज हुई प्रशासनिक प्रक्रिया

उल्लेखनीय है कि अनुसूचित जनजातीय आयोग ने पूर्व में पारधी ढाना का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के बाद आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। उसी क्रम में जन्म प्रमाण पत्रों का वितरण किया गया। जानकारी दी गई कि सात दिवस के भीतर पात्रता पर्ची एवं राशन के लिए बीपीएल पर्ची प्रदान की जाएगी। आगामी समय में आयुष्मान कार्ड और आधार कार्ड भी वितरित किए जाएंगे। आंगनवाड़ी एवं मध्यान भोजन व्यवस्था प्रारंभ करने तथा बाउंड्री वाल निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया है।

### पीएम आवास योजना के लिए ग्राम सचिव को निर्देश

अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्यों के निर्देश पर ग्राम सचिव को निर्देशित किया गया है कि सोनाघाटी स्थित पारधी समाज के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम के दौरान पारधी समाज के लोगों ने प्रशासनिक पहल का स्वागत किया।

# नर्मदेश्वर महाशिवरात्रि महोत्सव में पहुंचेंगे निखिल मंत्र साधक

● दो दिवसीय साधना शिविर में गुरुदेव देंगे विशेष दीक्षाएं

राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in



पुण्य सलिला मां नर्मदा की गोद और भगवान नर्मदेश्वर ज्योतिर्लिंग के सानिध्य में इस वर्ष महाशिवरात्रि पर ओंकारेश्वर में दो दिवसीय नर्मदेश्वर महाशिवरात्रि महोत्सव आयोजित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय सिद्धाश्रम साधक परिवार (निखिला मंत्र विज्ञान), मध्य प्रदेश द्वारा 14 और 15 फरवरी 2026 को जयसवाल समाज ट्रस्ट धर्मशाला में यह आयोजन किया जा रहा है, जिसमें परम पूज्य सद्गुरुदेव नंदकिशोर श्रीमाली का सानिध्य रहेगा। बैतूल जिले से इस महोत्सव में अधिक संख्या में निखिल मंत्र साधक पहुंचेंगे। निखिल मंत्र साधक श्रीमती हर्षा मनोज अग्रवाल ने बताया कि आयोजन के दौरान सद्गुरुदेव अपने श्रीमुख से प्रवचन देते हुए साधकों को जीवन दर्शन और आध्यात्मिक उन्नति के सूत्र बताएंगे। वे स्वयं के मार्गदर्शन में नर्मदेश्वर शिव साधनाएं संपन्न कराएंगे तथा साधकों को जीवन की बाधाओं से मुक्ति और आत्मिक प्रगति के लिए विभिन्न कल्याणकारी दीक्षाएं प्रदान करेंगे। शिविर में सामूहिक गुरु पूजन, विधिवत रुद्राभिषेक, मंत्र जाप, ध्यान साधना और भजन-कीर्तन के विशेष सत्र आयोजित होंगे। पूरा वातावरण भक्तिमय रहेगा और साधकों को शिवत्व के साक्षात्कार का अवसर मिलेगा। वरिष्ठ साधक विष्णु पाटीदार ने बताया कि सद्गुरुदेव 13 फरवरी 2026 को सुबह 11.15 बजे इंदौर विमानतल पहुंचेंगे, जहां उनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद वे सड़क मार्ग से ओंकारेश्वर शिविर स्थल के लिए प्रस्थान करेंगे। उन्होंने बैतूल जिले सहित सभी निखिल शिष्यों और धर्मप्रेमियों से सपरिवार शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

# विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**बैतूल।** पेंशन संरक्षण एवं केंद्र शासन द्वारा स्वीकृत दिनांक व दर से महंगाई राहत भुगतान की मांग को लेकर विद्युत पेंशनर्स हित रक्षक संघ शाखा बैतूल ने बुधवार को मुख्यमंत्री के नाम महाप्रबंधक (संचा/संधा), विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड बैतूल वृत्त के माध्यम से प्रेषित किया। कार्यक्रम में लगभग 110 पेंशनर्स की उपस्थिति रही। संघ अध्यक्ष रेवाराम



वराठे के नेतृत्व में ए.आर. देशमुख संगठन मंत्री, लक्ष्मी शंकर यादव, श्रीराम बारस्कर, तुलसीराम खासदेव, आर.पी. मंडेकर और प्रकाश धोटे ने ज्ञापन सौंपकर पेंशन संरक्षण की गारंटी तथा केंद्र शासन के अनुरूप स्वीकृत तिथि से महंगाई राहत का भुगतान सुनिश्चित करने की मांग रखी। इस दौरान श्यामू सातनकर, मुन्नालाल मालवीय और वासुदेव कावड़कर सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। संघ ने चेतावनी दी कि मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं होने पर आगे की रणनीति तय की जाएगी।

# शत्रुओं पर विजय दिलाता है विजया एकादशी व्रत : पुष्पेंद्र तिवारी

राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in

युवा साहू समाज सेवा संगठन जिला बैतूल के तत्वावधान में विजया एकादशी व्रत पूजन अनुष्ठान समारोह का आयोजन तुलसी भवन विनोबा वार्ड बैतूल में शुक्रवार को आयोजित किया गया। पंडित पुष्पेंद्र तिवारी ने भगवान श्री कृष्ण का पंचामृत अभिषेक मंत्रोचचार के साथ संपन्न करते हुए विजया एकादशी महत्व की कथा सुनाते हुए कहा कि विजया एकादशी फाल्गुन कृष्ण एकादशी का व्रत जीवन की बाधाओं को दूर करने और भगवान विष्णु की कृपा को पाने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। श्री तिवारी ने बताया कि यह व्रत शत्रु को पराजित करने और कोर्ट कचहरी जैसे मुकदमे में जीत के लिए विशेष फलदायी माना गया है। यह व्रत शत्रुओं को पराजित करने के लिए खासकर किया जाता है। भगवान श्री रामचंद्र जी ने लंका विजय के लिए समुद्र तट पर यह उपवास किया था जिसके फलस्वरूप उन्हें विजय श्री की प्राप्ति हुई थी। भगवान विष्णु को तुलसी अत्यधिक प्रिय है इसलिए इस दिन तुलसी को आवश्यक रूप से पूजन में शामिल करना चाहिए। विजया एकादशी के श्रवण से व्यक्ति के समस्त पापों का नाश होता है और मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। भगवान विष्णु की कृपा से जीवन में शत्रुओं और विपरीत परिस्थितियों पर विजय प्राप्त होती है। इस व्रत को करने से हर कार्य क्षेत्र में विजय और मानसिक दृढ़ता मिलती है इसे शत्रु नाशक एकादशी भी कहा जाता है। जब प्रभु राम को रावण से युद्ध के लिए लंका पर जाना था तब उन्होंने बकदाल्भय के परामर्श पर विजय प्राप्त हुई थी और प्रभु श्री राम ने रावण को पराजित किया था यही विजया एकादशी का विशेष महत्व है।

# आयुष विभाग के हॉलिस्टिक वेल बीइंग कैंप में 48 वृद्धों को मिला उपचार

राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in

संचालनालय आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के आदेश पर आयुष विभाग जिला बैतूल द्वारा वरिष्ठजनों के लिए हॉलिस्टिक वेल बीइंग कैंप का आयोजन किया गया। 12 फरवरी को मातोश्री वृद्ध आश्रम उड़दन तथा 13 फरवरी को सेवा भारती आनंद धाम वृद्ध आश्रम जामठी भारत भारती बैतूल में शिविर लगाए गए। जिला आयुष अधिकारी डॉ. योगेश चौकीकर ने बताया कि हॉलिस्टिक वेल बीइंग का अर्थ समग्र कल्याण या संपूर्ण स्वास्थ्य है, जिसमें वृद्धजनों को शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक, सामाजिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के संतुलन के साथ जीवन जीने की दिशा में मार्गदर्शन दिया जाता है। मातोश्री वृद्ध आश्रम उड़दन में शिविर के नोडल अधिकारी डॉक्टर ज्ञानेश्वर झरबडे और सहायक नोडल डॉक्टर निधि मालवीय सहित कुल सात कर्मचारियों ने 24 वृद्धजनों का परीक्षण कर आवश्यकता अनुसार उपचार दिया। योग शिक्षक परिषि पवार ने आवश्यक योगाभ्यास कराया। यहां पुनः 19 और 26 फरवरी को शिविर आयोजित किए जाएंगे।

सेवा भारती आनंद धाम वृद्ध आश्रम जामठी बैतूल में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सामाजिक न्याय विभाग जनपद पंचायत बैतूल मध्य प्रदेश हर्ष नागले की उपस्थिति में शिविर प्रारंभ हुआ। डॉक्टर शैलेंद्र कृष्ण तिवारी, डॉक्टर वीरेंद्र सिंह शाक्य, डॉक्टर वंदना शाक्य सहित नौ कर्मचारियों ने 24 वृद्धजनों को सेवाएं प्रदान कीं। योग शिक्षक पारुल पालीवाल एवं योग सहायक भूपेंद्र सिंह देवडे ने वृद्धावस्था के अनुरूप योग करवाए। इस प्रकार दोनों शिविरों में कुल 48 वृद्धजनों को परामर्श और उपचार दिया गया। शिविर की थीम के अनुसार स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित आहार-विहार के महत्व को समझाया गया। आगामी शिविर 20 और 27 फरवरी को पुनः आयोजित किए जाएंगे। विभाग ने समस्त वृद्धजनों से शिविर में पहुंचकर औषधियों का लाभ लेने की अपील की है।

## बाहर से आ रहे कलाकारो के लिए कमानीगेट पर रहेगी भोजन व्यवस्था

# र्यंबकेश्वर की मेहंदी से महका शिव विवाह महोत्सव, आज होगा संगीत का महाउत्सव

राष्ट्रबाण बैतूल| संवाददाता rashtrabaan.in



थाना महाकाल चौक स्थित शिवालय में चल रहे शिव विवाह महोत्सव के अंतर्गत त्र्यंबकेश्वर की मेहंदी रस्म विधि-विधान के साथ संपन्न हो गई। मेहंदी कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही और मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। अब महोत्सव की अगली कड़ी के रूप में आज 14 फरवरी को रामेश्वरम् के नाम से भव्य संगीतमय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिसमें भक्ति गीतों और जागरण के माध्यम से भोलेनाथ का गुणगान होगा।

समिति के हिमांशु दुबे ने बताया कि रामेश्वरम् संगीत के अंतर्गत स्थानीय एवं आमंत्रित कलाकारों द्वारा शिव भक्ति से ओतप्रोत प्रस्तुतियां दी जाएंगी। आयोजन स्थल पर विशेष साज-सज्जा, प्रकाश व्यवस्था और ध्वनि संयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। उन्होंने नगरवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया। समिति के शान्तनु बाजपेयी ने बताया कि शिव विवाह महोत्सव के अंतर्गत सोमनाथ की सगाई, ओंकारेश्वर का टीका, केदारनाथ की खनमिट्टी, भीमाशंकर का मंडप, काशी विश्वनाथ की हल्दी तथा त्र्यंबकेश्वर की मेहंदी जैसी सभी परंपरागत रस्में श्रद्धा संपन्न हो चुकी हैं। अब रामेश्वरम् का संगीत इस महोत्सव की अंतिम सांस्कृतिक कड़ी के रूप में आयोजित हो रहा है, जिसके बाद 15 फरवरी को शिव बारात नगर भ्रमण पर निकलेगी।

समिति के अनुसार महाकाल मंदिर में विराजित शिवलिंग का प्रतिदिन आकर्षक श्रृंगार मूर्ति कलाकार सुनील प्रजापति द्वारा किया जा रहा है। सुसज्जित शिवलिंग के दर्शन के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। रामेश्वरम् संगीत की संध्या पर भी विशेष श्रृंगार किया जाएगा।

### शिवम सेवा समिति करेंगी भंडारे की व्यवस्था

15 फरवरी को आयोजित शिव बारात एवं रामेश्वरम के संगीत देवी जागरण के आयोजन में शामिल होने वाली बाहरी टीमों के स्वागत-सत्कार की भी विशेष व्यवस्था की गई है। शिवम् सेवा समिति के रक्कू शर्मा और बिल्लू शर्मा ने बताया कि बाहर से आने वाले सभी दलों, कलाकारों और झांकी टीमों के सदस्यों के लिए कमानीगेट स्थित भंडारे में भोजन की समुचित व्यवस्था रहेगी। समिति द्वारा सेवा भाव से प्रेरित सेवकों की अलग टीम तैनात की गई है, जो समयानुसार भोजन वितरण और आवश्यक व्यवस्थाओं का संचालन करेगी। उन्होंने बताया कि शिव बारात में विभिन्न शहरों से कलाकार और सांस्कृतिक दल शामिल हो रहे हैं, इसलिए उनके भोजन को लेकर विशेष ध्यान रखा जा रहा है। समिति का उद्देश्य है कि सभी अतिथि दल सम्मान और संतोष के साथ आयोजन का हिस्सा बनें।

सिवनी राष्ट्रबाण

• बरघाट • छपारा • धनोरा • घंसौर • केवलारी • कुरई • लखनादौन • सिवनी ग्रामीण

# नपा की नाक के नीचे स्वच्छता अभियान का जनाजा, करोड़ों का सफाई बजट कहाँ गया?

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**कहते** हैं चिराग तले अंधेरा, लेकिन सिवनी नगर पालिका ने तो इस कहावत को एक कदम आगे बढ़ा दिया है। शहर को स्वच्छता का पाठ पढ़ाने वाली नगर पालिका के अपने ही मुख्य द्वार के सामने नगर पालिका चौक में गंदगी का साम्राज्य पसरा हुआ है। वही तस्वीरों ने पालिका के दावों और उनके भारी-भरकम सफाई बजट की पोल खोलकर रख दी है।

### कूड़े के ढेर में भविष्य तलाशते गोवंश

तस्वीरें साफ बयां कर रही हैं कि जिस स्थान पर कूड़ादान होना चाहिए था, वहाँ कचरा ही पड़ा है। सबसे शर्मनाक पहलू यह है कि बेसहारा गोवंश इस सड़ते हुए कचरे और जहरीली प्लास्टिक में अपना भोजन तलाशने को मजबूर हैं। क्या यही वह आदर्श नगर पालिका है जिसका सपना जनता को दिखाया गया था?

### बजट की सफाई या शहर की सफाई?



वही आम जनता का सवाल सीधा है कि हर साल साफ-सफाई के नाम पर आने वाला लाखों करोड़ों का बजट आखिर जा कहाँ रहा है? क्या अधिकारियों को कार्यालय में घुसते समय यह सड़ांध नजर नहीं आती? क्या सफाई कर्मचारियों और ठेकेदारों की केवल कागजों पर ही हाजिरी लग रही है?

प्लास्टिक मुक्त शहर के दावों के बीच, जानवर खुलेआम प्लास्टिक क्यों खा रहे हैं?

वही दूसरी और हमेशा देखा जाता है कि जिम्मेदार मौन, जनता परेशान ही रहती है इसीलिए कई बार और नगर पालिका को नरक पालिका से भी संबोधित करते हैं। तस्वीर में साफ दिख रहा है कि नगर पालिका के ठीक सामने का यह नजारा यह बताने के लिए काफी है कि शहर के बाकी वार्डों की स्थिति क्या होगी। जब मुख्यालय के सामने ही प्रशासन इतना लाचार और लापरवाह है, तो दूर-दराज की गलियों की सुध कौन लेगा? यह गंदगी न केवल संक्रमण फैला रही है, बल्कि नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर एक बदनुमा धब्बा भी है।

जिससे यह स्पष्ट होता है कि यदि जल्द ही इस स्थिति में सुधार नहीं हुआ, तो सिवनी नगर पालिका के लिए स्वच्छता केवल विज्ञापनों तक सीमित है, धरातल पर तो सिर्फ और सिर्फ भ्रष्टाचार और लापरवाही ही दुर्गंध है।

# भारतीय स्टेट बैंक शाखा हिर्री द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

**दिनांक** 11.02.2026 को ग्राम किन्हीं में भारतीय स्टेट बैंक शाखा हिर्री द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया जिस में विशेष अतिथि के रूप में माननीय श्री नरेश गौतम सर (आरबीओ मंडला) एवं भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक श्री मनोज शर्मा सर उपस्थित रहे शाखा प्रबंधक द्वारा आज भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देश अनुसार वित्तीय साक्षरता की जानकारी देते हुए खाते के साइबर फ्रॉड खातों की केवाईसी - म्यूल अकांउट एवं सोशल सुरक्षा बीमा जिस में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति -प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा -प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना-सुकन्या समृद्धि योजना - पर्सनल लोन होम लोन प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (एमएमएमवाय) भारत सरकार द्वारा छोटे और सूक्ष्म उद्योग योजना लोन की जानकारी ग्रामीणों तक कार्यक्रम के माध्यम से बताई गयी कार्यक्रम में विशेष योगदान भारतीय स्टेट बैंक शाखा हिर्री एवं कियोस्क संचालन की अहम भूमिका रही।

# सरपंच और जनपद सदस्य के प्रयासों से स्वच्छ और सुंदर बना जाम का बाजार चौक




राष्ट्रबाण लालबर्रा | संवाददाता rashtrabaan.in

**जनपद** क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जाम कई मायनो में अपनी मिसाल पेश कर चुका है। आज की स्थिति है कि यह गांव पूरा नशा मुक्त हो चुका है।

जहां पर शिक्षा और खेलों के प्रति बड़ा ही उत्साह देखा जाता है पहले इस ग्राम में क्रिकेट के बड़े-बड़े टूर्नामेंट का आयोजन हुआ। लेकिन इस वर्ष ग्रामीण जनों और आयोजन समिति द्वारा ऑल इंडिया लेबल पर महिला - पुरुष कबड्डी का आयोजन किया जा रहा है। जिस आयोजन को लेकर ग्रामीण जनों में काफी उत्साह देखने में आ रहा है। विदित हो कि जिले में ऐसे भव्य टूर्नामेंट का आयोजन खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए जो मंच स्थानीय जनपद सदस्य जाहिद खान और सरपंच सुरेन्द्र बलोने द्वारा प्रदान करने के लिए जो प्रयास किया जा रहे हैं वाकई में बहुत ही सराहनीय है। इनके द्वारा आयोजन के पहले ही अपनी स्वयं की राशि से बाजार चौक का समतलीकरण कराया गया है और एक बेहतरीन वातावरण तैयार करने के लिए वृक्षारोपण भी कराया जा रहा है कबड्डी का यहां आयोजन इसी बाजार चौक में होगा।

# सिवनी में कुएं में गिरे तेंदुए का रेस्क्यू

## वन विभाग और ग्रामीणों ने चारपाई की मदद से बाहर निकाला ; जंगल में छोड़ा





राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**सिवनी** के केवलारी वन परिक्षेत्र के भोरगोंदी गांव में गुरुवार रात एक वयस्क तेंदुआ शिकार की तलाश के दौरान खेत के खुले कुएं में गिर गया। वन विभाग की टीम ने ग्रामीणों की मदद से तेंदुए को चारपाई से सुरक्षित बाहर निकालकर वापस जंगल में छोड़ा।

### कुत्ते का शिकार करने के दौरान नीचे गिरा

यह घटना किसान फागलाल के खेत में हुई। किसान ने बताया कि तेंदुआ उसके पालतू कुत्ते का पीछा कर रहा था और अंधेरे के कारण अनियंत्रित होकर कुएं में जा गिरा। कुएं से आवाज आने पर किसान ने इसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दी। इसके बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी गौरव वानखेड़े के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। रेस्क्यू के लिए एक चारपाई (खटिया) को मजबूत रस्सियों से बांधकर कुएं में उतारा गया। कुछ देर बाद तेंदुआ स्वयं चारपाई पर चढ़ गया, जिसके बाद उसे सावधानीपूर्वक ऊपर खींच लिया गया।

रेस्क्यू के बाद तेंदुए की स्थिति सामान्य पाई गई, जिसके बाद उसे सुरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया गया। वन विभाग ने स्थानीय ग्रामीणों से अपील की है कि वे वन्यजीवों की सुरक्षा और दुर्घटनाओं को रोकने के लिए अपने कुओं को ढंककर रखें।

# सिवनी का बाहुबली चौक बना अव्यवस्था का बंधक

## प्रशासन की नाक के नीचे बाहुबली दुकानदारो का अतिक्रमण

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

जिला मुख्यालय का हृदय स्थल कहे जाने वाले बाहुबली चौक पर इन दिनों बाहुबली आम जनता नहीं, बल्कि बेखौफ अतिक्रमणकारी और प्रशासन की लापरवाही नजर आ रही है। रोजाना लगने वाले जाम ने आम नागरिकों का जीना मुहाल कर दिया है। लेकिन कुंभकर्णी नींद में सोया जिला प्रशासन आँखें मूंदकर किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

### सड़कें संकरी, हौसले बुलंद

चौक की सूरत अब किसी व्यस्त मार्ग जैसी नहीं, बल्कि कबाड़खाने जैसी नजर आने लगी है। दुकानों के बाहर फुटपाथों पर कब्जा, सड़कों तक फैले सामान और बेतरतीब खड़े वाहनों ने राहगीरों का पैदल चलना भी दूभर कर दिया है।

### मूकदर्शक बना प्रशासन



हैरानी की बात यह है कि जिस चौक से जिले के आला अधिकारियों का काफिला दिन में कई बार गुजरता है, वहाँ की बदहाली उन्हें नजर क्यों नहीं आती? क्या प्रशासन ने अतिक्रमणकारियों को मौन सहमति दे दी है? या फिर साहबों को जनता की चीख-पुकार सुनाई देना बंद हो गई है? वही जनता का दर्द है कि बाहुबली चौक से गुजरना मतलब मुसीबत को दावत देना है। एम्बुलेंस तक यहाँ फंस जाती है, लेकिन मजाल है कि कोई जिम्मेदार अधिकारी यहाँ व्यवस्था बनाने खड़ा हो जाए।

### प्रमुख सवाल जो जवाब माँगते हैं:

क्या नगर पालिका का अमला केवल कागजों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान सिर्फ गरीबों के लिए ही चलता है क्या? और क्या रसूखदारों के दबाव में प्रशासन इस जाम से मुंह फेरे बैठा है? यदि समय रहते बाहुबली चौक को अतिक्रमण मुक्त नहीं कराया गया, तो वह दिन दूर नहीं जब यह चौक सिवनी की अव्यवस्था का सबसे बड़ा प्रतीक बन जाएगा। जनता अब आश्वासन नहीं, ठोस कार्रवाई चाहती है।

अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उन्हें न तो कानून का डर है और न ही जनता की परेशानी से कोई सरोकार। साथ ही लोगों का कहना है कि यदि बाहुबली चौक में स्थित उत्तम कॉम्प्लेक्स का सीमांकन हो जाए तो दूध का दूध पानी का पानी सामने आजाएगा।

### हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की मुख्य परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**सिवनी।** जिला शिक्षा अधिकारी सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी मुख्य परीक्षा वर्ष 2025-26 के अंतर्गत 13 फरवरी 2026 को जिले में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। हाईस्कूल परीक्षा में उर्दू विषय की परीक्षा 9 केन्द्रों पर आयोजित हुई। कुल 230 विद्यार्थियों में से 227 उपस्थित रहे तथा 3 अनुपस्थित रहे। हायर सेकेण्डरी में भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनिमल हसबैंडरी मिल्क ट्रेड, पोल्ट्री फार्मिंग एवं फिशरीज तथा विज्ञान के तत्व विषयों की परीक्षा 80 केन्द्रों पर आयोजित की गई। कुल 10,897 परीक्षार्थियों में से 10,779 उपस्थित रहे तथा 118 अनुपस्थित रहे।

# भारतीय रिजर्व बैंक के तत्वावधान में वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in

**भारतीय** रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन में वित्तीय साक्षरता केंद्र द्वारा लखनादौन स्थित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन प्रशिक्षण केंद्र में वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम 'केवाईसी - सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम' निर्धारित की गई है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री धीरज गुप्ता (भारतीय रिजर्व बैंक, भोपाल) उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन अग्रणी जिला प्रबंधक श्री प्रवीण कुमार दिसोरिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जिला परियोजना प्रबंधक संजय रस्तोगी, जिला प्रबंधक वित्त राजेंद्र शुक्ला, ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक कुलदीप सिंह, पवन सनोडिया सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूह की कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# मौत बनकर दौड़ा डंपर, स्कूली बच्चों की जान पर बनी!

राष्ट्रबाण सिवनी | संवाददाता rashtrabaan.in





**थाना** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बम्होडी में 13 फरवरी को उस वक्त कोहराम मच गया, जब यमराज बनकर दौड़ रहे एक अनियंत्रित डंपर ने पहले एक ऑटो को जोरदार टक्कर मारी और फिर सीधे एक घर में जा घुसा। गनीमत रही कि रास्ते में एक पेड़ रक्षक बनकर खड़ा था, जिससे टकराकर डंपर रुक गया, वरना आज बम्होडी में मातम पसर सकता था।

वही बताया जा रहा है कि डंपर चालक को गाड़ी चलाते समय नींद की झपकी आ गई थी। चालक की इसी खतरनाक सुस्ती ने न सिर्फ सड़क पर चल रहे लोगों की जान जोखिम में डाली, बल्कि एक परिवार के आशियाने को भी तहस-नहस करने की कोशिश की। अनियंत्रित डंपर ने जब ऑटो को टक्कर मारी, तो मौके पर चीख-पुकार मच गई।

वही बाल-बाल बचे मासूम नौनिहाल जानकारी के अनुसार हादसे के वक्त ऑटो में स्कूली बच्चे सवार थे। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि किसी अनहोनी की आशंका से लोगों का कलेजा मुंह को आ गया। लेकिन इसे कुदरत का करिश्मा ही कहेंगे कि ऑटो में सवार सभी मासूम बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं।

### घायलों का हाल और कानूनी कार्रवाई

माथे पर सामान्य चोट आई है, जिसे उपचार के साथ मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है। आरोपी चालक सुरक्षित है, जिसे पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। साथ ही ऑटो चालक की शिकायत पर डंपर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है कि क्या ड्राइवर नशे में था या केवल लापरवाही का अब सवाल यह है कि क्या चंद घंटों की नींद बचाने के चक्कर में मासूमों की जान लेना जायज है? प्रशासन को इन बेलगाम दौड़ते भारी वाहनों पर नकेल कसनी ही होगी।

कम्प्यूटर वर्ल्ड
सेल्स एंड सर्विस
लैपटॉप, कम्प्यूटर, सी.सी.टी.वी कैमरा, होम थियेटर, प्रिंटर, लेमिनेशन, फोटो कॉपियर, नेटवर्किंग, प्रोजेक्टर, कॉर्टरेज रिफलिंग
संपूर्ण कम्प्यूटर ऐससरीज उपलब्ध
पुराने कम्प्यूटर व लैपटॉप उपलब्ध
संपर्क- बैनगंगा कॉम्प्लेक्स, बस स्टैंड, सिवनी, मो.न.-9302833332




स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक*** **संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायलयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433